
अनुराग ठाकुर सशक्त...3

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# जगमार्ग

नई सोच, नई पहल

तापमान का पूर्वानुमान
अधिकतम 34°
न्यूनतम 23°
सेंसेक्स
73,730.16


www.jagmarg.com | वैशाख मास, कृष्ण पक्ष, तृतीया तिथि, ज्येष्ठा नक्षत्र, चन्द्रमा वृश्चिक राशि में, विक्रमी सम्वत 2081 | हरियाणा, पंजाब, हिमाचल, चंडीगढ़ और दिल्ली से प्रसारित | पृष्ठ : 12 मूल्य : 3 रुपए | वर्ष: 8 | अंक : 180 | चंडीगढ़, शनिवार, 27 अप्रैल, 2024







## गीता सार



अध्याय-5

परंतु जिनका वह अज्ञात परमात्मा के तत्वज्ञान द्वारा नष्ट कर दिया जाता है, उनका वह ज्ञान सूर्य के सदृश्य उस सच्चिदानंदघन परमात्मा को प्रकाशित कर देता है।






## आज का मैच

TATA IPL

दिल्ली v/s मुंबई — 3:30 बजे से

लखनऊ v/s राजस्थान — 7:30 बजे से

## एक नजर

### हादसे में चार महिलाओं सहित छह की मौत

**जयपुर।** राजस्थान के अनूपगढ़ जिले में शुक्रवार को एक कार ट्रक के पीछे वाले हिस्से से टकरा गई, जिससे कार में सवार चार महिलाओं सहित छह लोगों की मौत हो गई जबकि एक अन्य महिला घायल हो गई। खोखरावाली और सलेमपुरा के बीच एक कार ट्रक के पीछे वाले हिस्से एक टकरा गई जिससे कार सवार चार महिलाओं समेत छह लोगों की मौत हो गई।एक महिला घायल हो गई।

### आग से एक परिवार के छह लोगों की मौत

**दरभंगा।** दरभंगा जिले के बहेड़ा थाना अंतर्गत अंटोर गांव में बीती रात विवाह के दौरान आतिशबाजी से लगी आग में एक परिवार के छह लोगों की मौत हो गई। मृतकों की पहचान सुनील पासवान (26), लीला देवी (23), कंचन देवी (26), सिद्धांत कुमार (4), शशांक (3) और साक्षी (5) के रूप में हुई है। घटना में तीन गायों की भी मौत हो गयी।

### अब साल में दो बार होगी बोर्ड परीक्षा

**नई दिल्ली।** अगले शैक्षणिक सत्र 2025-26 से साल में दो बार बोर्ड परीक्षाएं हो सकती हैं। शिक्षा मंत्रालय ने सीबीएसई से इसके लिए तैयारी करने को कहा है। हालांकि सेमेस्टर सिस्टम शुरू करने की योजना नहीं है। सूत्रों के अनुसार मंत्रालय और सीबीएसई के अधिकारी साल में दो बार बोर्ड परीक्षा आयोजित करने को लेकर अगले महीने स्कूलों के प्राचार्यों के साथ परामर्श करेंगे।

# दूसरे चरण में 61 फीसदी से अधिक मतदान

## लोकसभा चुनाव: त्रिपुरा में सर्वाधिक और उत्तर प्रदेश में सबसे कम मतदान

एजेंसी

**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में 13 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की 88 संसदीय सीटों पर शुक्रवार को शाम पांच बजे तक 61 प्रतिशत से अधिक मतदान दर्ज किया गया। इस चरण में कांग्रेस नेता शशि थरूर, केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर, अभिनेता अरुण गोविल और फिल्म अभिनेत्री हेमा मालिनी आदि प्रमुख उम्मीदवार हैं। उत्तर प्रदेश के मथुरा, राजस्थान के बांसवाड़ा और महाराष्ट्र के परभणी में कुछ गांवों के मतदाताओं ने विभिन्न मुद्दों को लेकर मतदान का बहिष्कार किया।

मतदान सुबह सात बजे शुरू हुआ और शाम छह बजे तक जारी रहा। निर्वाचन अधिकारियों के अनुसार सर्वाधिक मतदान त्रिपुरा में दर्ज किया गया जहां शाम पांच बजे तक 77.53 प्रतिशत लोगों ने अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया। वहीं, उत्तर प्रदेश में सबसे कम 52.74 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया।

केरल की सभी 20 सीट, कर्नाटक की 28 में से 14 सीट, राजस्थान की 13 सीट, महाराष्ट्र और उत्तर प्रदेश की आठ-आठ सीट, मध्य प्रदेश की 6 सीट, असम और बिहार की पांच-पांच सीट, छत्तीसगढ़ और पश्चिम बंगाल की तीन-तीन सीट तथा मणिपुर, त्रिपुरा और जम्मू-कश्मीर में एक-एक सीट पर शुक्रवार को मतदान हुआ।



### केरल में मतदान के दौरान तीन बुजुर्गों और एक एजेंट की मौत

राज्य में मतदान के दौरान तीन बुजुर्ग मतदाताओं और एक मतदान एजेंट की मृत्यु की खबर है। पलक्कड, अलप्पुझा और मलप्पुरम में वोट डालने के बाद एक-एक व्यक्ति की मृत्यु हो गई, वहीं कोझिकोड में एक मतदान केंद्र पर बेहोश हुए एक एजेंट की बाद में मृत्यु हो गई। त्रिपुरा पूर्वी लोकसभा सीट पर शाम पांच बजे तक 77.53 प्रतिशत मतदान हुआ। छत्तीसगढ़ में चुनाव ड्यूटी पर तैनात एक जवान ने 'सर्विस राइफल' से गोली मार आत्महत्या कर ली।

### मणिपुर में 76.06 प्रतिशत मतदान

कांकेर सीट पर बालोद जिले के सिवनी गांव में एक मतदान केंद्र को शादी के 'मंडप' की तरह सजाया गया था जहां परंपरागत वैवाहिक रीति-रिवाजों को प्रस्तुत किया गया। मध्य प्रदेश में छह लोकसभा सीटों पर करीब 54.83 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। असम में पांच संसदीय क्षेत्रों में करीब 70.66 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। कड़ी सुरक्षा के बीच मणिपुर में मतदान समाप्त होने तक 76.06 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। कर्नाटक में 14 लोकसभा क्षेत्रों में शाम पांच बजे तक 63.90 प्रतिशत मतदान हुआ। इस बीच, निर्वाचन आयोग ने जानकारी दी कि सोशल मीडिया मंच पर कथित रूप से एक वीडियो पोस्ट करने एवं धर्म के आधार पर वोट मांगने को लेकर भाजपा के सांसद तथा बेंगलुरु दक्षिण से पार्टी प्रत्याशी तेजस्वी सूर्या के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

# नफरत की राजनीति करने वाले दोबारा सत्ता में आए तो यह देश का आखिरी चुनाव होगा: मान

## मान का प्रताप बाजवा पर हमला, कहा-पीडब्ल्यूडी मंत्री रहते हुए टोल बनवाए, मैंने बंद कराए

जगमार्ग न्यूज

**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री भगवंत मान ने गुरुवार को गुरदासपुर में एक विशाल जनसभा को संबोधित किया और अपने अंदाज में शैरी कलसी के लिए चुनाव अभियान की शुरुआत की। मान ने पंजाब को लगातार नुकसान पहुंचाने वाले अकाली और कांग्रेस नेताओं पर हमला बोला और गुरदासपुर के पूर्व सांसदों पर सीट जीतने के बाद नजरअंदाज करने का भी आरोप लगाया। रैली मैदान में पहुंचने से पहले मान ने गुरदासपुर के ऐतिहासिक हनुमान मंदिर में मत्था टेका और ईश्वर से देश का संविधान बचाने के लिए इन चुनावों को लड़ने की शक्ति देने की प्रार्थना की।

विशाल जनसमूह को संबोधित करते हुए मान ने कहा कि यह चुनाव किसी को जिताने या हराने का नहीं है। यह चुनाव हमारे लिए बाबा साहब अंबेडकर के संविधान को बचाने का आखिरी मौका है। यह चुनाव हमारे लोकतंत्र को बचाने का एक मौका है। अगर नफरत फैलाने वाले दोबारा सत्ता में आए, तो वे हमारे लोकतंत्र को खत्म कर देंगे। वह भारत को भारत तानाशाही देश बना देंगे। फिर देश में कोई चुनाव नहीं होगा।



माझा में गरजे मान: कहा- पहले सांसद वोट लेकर गुरदासपुर में नहीं आते थे, जब तक हम आपके बीच नहीं जाते, तब तक हमें नींद नहीं आती

### विरोधियों पर जमकर बरसे सीएम भगवंत मान

मान ने गुरदासपुर के पिछले सांसदों के कामों पर दुख जताया और कहा कि ढाई किलो का हाथ सीमा के दूसरी तरफ हैंडपंप उखाड़ रहे हैं, लेकिन उन लोगों का पता करने भी नहीं आते जिन्होंने उन्हें संसद में भेजा था। मान ने कांग्रेस नेता प्रताप सिंह बाजवा पर भी हमला बोला और कहा कि कांग्रेस ने उनके सीएम बनने के सपने की हत्या कर दी। मान ने कहा कि वह ऐसे शख्स हैं जो आम परिवारों के बेटे-बेटियों को मैटेरियल कहते थे। उन्होंने पीडब्ल्यूडी मंत्री रहते हुए चंडीगढ़ से गुरदासपुर हाईवे तक सबसे ज्यादा टोल प्लाजा बनवाए। सत्ता में आने के बाद मैंने उन टोल प्लाजा को बंद कर दिया। मान ने कहा हमने किसानों को 11 घंटे निर्बाध बिजली दी। मान ने अकाली दल पर भी हमला बोला और कहा कि उनके नेता सुखबीर बादल और हरसिमरत बादल को यह भी नहीं पता कि खेती में काम कैसे होता है। उन्होंने कहा कि शिअद-बादल की टिकट पर कोई भी चुनाव लड़ने को तैयार नहीं है। उन्हें 13 उम्मीदवार भी नहीं मिल रहे हैं। वे पंजाब में खत्म हो गए हैं।

## यौन उत्पीड़न मामले में बृजभूषण की याचिका खारिज

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने यौन उत्पीड़न मामले की आगे की जांच के अनुरोध संबंधी भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के पूर्व प्रमुख एवं भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद बृजभूषण शरण सिंह की याचिका शुक्रवार को खारिज कर दी। छह महिला पहलवानों ने बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ यौन उत्पीड़न का मामला दर्ज कराया था। अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट (एसीएमएम) प्रियंका राजपूत ने याचिका को खारिज करते हुए मामले में सिंह के खिलाफ आरोप तय करने के बारे में आदेश के लिए सात मई की तिथि तय की। सिंह ने मामले में आगे की जांच के अनुरोध को लेकर आवेदन दायर किया था। इसमें कहा गया था कि वह उस घटना के दिन भारत में नहीं थे जिसमें एक शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया था कि उसे डब्ल्यूएफआई कार्यालय में प्रताड़ित किया गया था। सिंह के वकील ने दावा किया कि दिल्ली पुलिस ने शिकायतकर्ता के साथ आए कोच के कॉल डिटेल रिकॉर्ड (सीडीआर) पर भरोसा किया था।



## मतपत्रों से चुनाव की मांग करने वालों को कोर्ट का तमाचा: मोदी

एजेंसी

**अररिया।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मतपत्रों से चुनाव कराने की मांग को उच्चतम न्यायालय द्वारा खारिज कर दिए जाने का जिक्र करते हुए शुक्रवार को कहा कि यह कांग्रेस नीत गठबंधन 'इंडी' के लिए करारा तमाचा है। मोदी ने अररिया में एक चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए कहा, 'राजद-कांग्रेस और 'इंडी' गठबंधन को न देश के संविधान और न ही लोकतंत्र की परवाह है। ये वे लोग हैं जिन्होंने 10 साल तक मतपत्रों के बहाने गरीबों का अधिकार छीना... बिहार के लोग साक्षी हैं कैसे राजद-कांग्रेस के शासन में चुनाव में बूथ और मतपत्र लूट लिए जाते थे। इतना ही नहीं गरीबों को वोट डालने के लिए घर से बाहर भी निकलने नहीं दिया जाता था।' उन्होंने कहा, 'देश के गरीबों और ईमानदार मतदाताओं को जब ईवीएम की ताकत मिली तो यह उन लोगों को बर्दाश्त नहीं हो रहा था जो चुनाव के दिन वोट लूटने का खेल खेलते थे।'




महिलाओं की मुश्किल
जटिल समस्याओं
का स्थायी समाधान अभी कॉल करें
7710644444


# भावनाओं का सौदा करने वालों को नहीं बख्शेगी जनता: सुखविंदर सिंह सुक्खू

जगमार्ग न्यूज

**राजगढ़ (सिरमौर)।** मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने शुक्रवार को सिरमौर जिला के राजगढ़ में कांग्रेस के लोकसभा उम्मीदवार विनोद सुल्तानपुरी के लिए पहली जनसभा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि जनता की भावनाओं का सौदा करने वालों को बख्शना नहीं है। चारों लोकसभा व छह विधानसभा की सीटें कांग्रेस की झोली में डालें ताकि भाजपा की खरीद फरोख्त की राजनीति के खिलाफ पूरे देश में कड़ा संदेश जाए। नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर को अब सत्ता की बहुत भूख सता रही है, मुख्यमंत्री रहते वह पांच साल सोए रहे और पेपर बिकते गए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि लोकतंत्र को खत्म होने से जनता ही बचा सकती है। वोट से चुनी सरकार को नोटों के दम पर गिराने की साजिश रचने से बड़ी लोकतंत्र की हत्या और नहीं हो सकती। 75 साल में अगर लोकतंत्र जिंदा है तो कांग्रेस की नीतियों के कारण है। अगर आज एक चाय बेचने वाला व्यक्ति देश का प्रधानमंत्री है तो यह कांग्रेस की नीतियों से संभव हुआ है।



### प्रदेश में नहीं चली भाजपा के पैसे की ताकत

महाराष्ट्र और कर्नाटक में पैसे के दम पर सरकार गिराने की भाजपा की साजिश सफल हो गई, लेकिन हिमाचल में इनकी कोशिश सिरे नहीं चढ़ी। भविष्य में इन्हें वोट के जरिये ऐसा सबक सिखाएं कि पूरे देश में हिमाचल मिसाल बने। मुख्यमंत्री ने युवा कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष व बीते विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी का दामन थामने वाले मनीष ठाकुर को फूलमाला पहनाकर कांग्रेस पार्टी में शामिल किया। विनोद सुल्तानपुरी ने कहा कि उनके पिता केडी सुल्तानपुरी ने छह बार सांसद बनकर शिमला संसदीय क्षेत्र की सेवा की है। वह भी संसद में इस क्षेत्र की आवाज बनना चाहते हैं, उन्हें आपका आशीर्वाद चाहिए।

# प्रधानमंत्री डरे हुए हैं, मंच पर आंसू भी बहा सकते हैं: राहुल

**विजयपुरा (कर्नाटक)।** कांग्रेस की आलोचना के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर पलटवार करते हुए पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने कहा कि 'वह (मोदी) डरे हुए हैं और मंच पर आंसू तक बहा सकते हैं।' गांधी ने कांग्रेस शासित कर्नाटक के विजयपुरा जिला मुख्यालय में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा, 'आपने प्रधानमंत्री के भाषण सुने हैं। वह डरे हुए हैं। हो सकता है कि वह मंच पर आंसू बहाने लगें।' प्रधानमंत्री मोदी ने अपनी हालिया रैलियों में कांग्रेस को 'मंगलसूत्र', 'संपदा पुनर्वितरण' और 'विरासत कर' जैसे आरोपों से घेरने का प्रयास किया है। पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष ने मोदी पर अनेक तरीके से जनता का ध्यान भटकाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, 'मोदी ध्यान भटकाने का प्रयास करते हैं। कभी वह चीन और पाकिस्तान की बात करते हैं, कभी वह आपसे थाली बजाने को कहेंगे और कभी आपके मोबाइल फोन पर टॉर्च लाइट जलाने को कहेंगे।' गांधी ने कहा कि भारत में गरीबी, बेरोजगारी और महंगाई समेत चार महत्वपूर्ण मुद्दे हैं। उन्होंने दावा किया कि केवल कांग्रेस ही बेरोजगारी समाप्त कर सकती है, महंगाई को काबू में कर सकती है और लोगों को उनकी उचित हिस्सेदारी दिला सकती है। गांधी ने कहा, 'मोदी ने केवल गरीब जनता का पैसा लूटा है। उन्होंने कुछ लोगों को ही अरबपति बनाया है। देश में करीब 22 लोग हैं जिनकी संपदा देश के 70 करोड़ लोगों की संपत्ति के समान है। केवल एक प्रतिशत लोग देश की 40 प्रतिशत संपदा पर नियंत्रण रखते हैं।' उन्होंने कहा कि मौजूदा हालात में दलितों, अन्य पिछड़ा वर्ग के लोगों, अल्पसं यकों और सामान्य श्रेणी के निर्धन लोगों के लिए कोई गुंजाइश नहीं है।









## टिकट वितरण

### 8 सीटों पर उतारे उम्मीदवार, श्रुति को नहीं मिला टिकट, सैलजा सिरसा से उम्मीदवार

# हुड्डा गुट की पसंद पर बंटे टिकट, एसआरके गुट की हुई अनदेखी

जगमार्ग ब्यूरो

**चंडीगढ़।** लोकसभा चुनाव में कांग्रेस ने 8 सीटों पर उम्मीदवारों का ऐलान किया। गुड़गांव सीट पर पेंच फंसा हुआ है, जिससे कांग्रेस हाईकमान ने होल्ड पर रखा है। अहम पहलू यह है कि टिकट वितरण में हुड्डा गुट हावी रहा। 8 उम्मीदवारों में से 7 उम्मीदवार हुड्डा की पसंद के उतारे गए। यही नहीं एसआरके गुट की सिफारिश पर किसी को टिकट नहीं मिला। भिवानी-महेंद्रगढ़ से टिकट की सबसे बड़ी दावेदार श्रुति चौधरी की जगह महेंद्रगढ़ से विधायक रावदान सिंह को टिकट दिया गया। कांग्रेस ने 8 सीटों पर उम्मीदवारों की देर रात्रि घोषणा की। उम्मीदवारों के नामों के ऐलान से एसआरके गुट को बड़ा झटका लगा। एसआरके गुट की सिफारिश को अनदेखा कर हाईकमान ने हुड्डा के पसंदीदा उम्मीदवारों को चुनाव मैदान में उतारा। यही नहीं कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री कुमारी सैलजा को अंबाला की बजाय सिरसा से चुनाव मैदान में उतारा गया।





### गुड़गांव सीट पर पेंच

गुड़गांव सीट पर अभी पेंच फंसा हुआ है, जिसके चलते हाईकमान ने इसे होल्ड पर रखा है। हुड्डा गुट की ओर से राज बब्बर को टिकट देने की पैरवी की जा रही है, वहीं पूर्व मंत्री कैप्टन अजय यादव को लेकर पेंच फंसा हुआ है। बहरहाल, हाईकमान की ओर से तमाम समीकरणों को देखने के बाद ही गुड़गांव सीट के नाम का ऐलान किया जाएगा।

### उम्मीदवारों के नाम

| लोकसभा | उम्मीदवार |
|---|---|
| अंबाला | वरुण चौधरी |
| करनाल | दिव्यांशु बुद्धिराजा |
| हिसार | जयप्रकाश-जेपी |
| सिरसा | कुमारी सैलजा |
| रोहतक | दीपेंद्र हुड्डा |
| भिवानी-महेंद्रगढ़ | राव दान सिंह |
| सोनीपत | सतपाल ब्रह्मचारी |
| फरीदाबाद | महेंद्र प्रताप |

### सोनिया गांधी से किरण की मुलाकात भी नहीं आई काम

भिवानी-महेंद्रगढ़ से बंसीलाल परिवार का सदस्य ही चुनाव लड़ता आ रहा है। मगर इस बार बंसीलाल की पौत्री श्रुति चौधरी की जगह महेंद्रगढ़ से विधायक रावदान सिंह को चुनाव मैदान में उतारा गया है। जबकि टिकटों का ऐलान होने से पहले तोशाम से विधायक किरण चौधरी ने कांग्रेस की पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी से मुलाकात की थी।